इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2899

06 सितम्बर, 2012 को उत्तर के लिए

न्यूट्रिनो वेधशाला के लिए भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के इस्पात की आपूर्ति

2899. श्री ए. इलावरासनः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के सबसे बड़े इस्पात निर्माता भारतीय इस्पात प्राधिकरण को सीईआरएन जैसे भारत आधारित न्यूट्रिनो वेधशाला (आईएनओ) के लिए भूमिगत संसूचक का निर्माण करने के लिए 50,000 टन विशेष इस्पात की आपूर्ति करने के लिए कहा गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) और (ख): जी, हां। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के अनुरोध पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत आधारित न्यूट्रिनो वेधशाला (आईएनओ) परियोजना के लिए 50,000 टन सॉफ्ट आयरन प्लेट्स आपूर्ति करने के लिए प्रस्ताव किया है। सेल और बीएआरसी द्वारा संयुक्त रूप से निर्धारित किए गए मानकों और प्रक्रिया प्राचलों के अनुसार भिलाई इस्पात संयंत्र में सॉफ्ट आयरन प्लेटों के उत्पादन के लिए एक प्रयोग किया गया था और इसे स्वीकृत पाया गया।

****